# T. M. Bhagalpur University, Bhagalpur-812007

Letter No. DSW/179/2026.. Date .... 08/07/2026.

सेवा में,
सभी प्रधानाचार्य/ प्रभारी प्रधानाचार्य,
(अंगीभूत, राजकीय डिग्री एवं संबद्ध महाविद्यालय)
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

विषय : यू.जी. **(CBCS) Semester-I,** सत्र **2026–30** में तृतीय मेधा सूची के आधार पर नामांकन के संबंध में।

महोदय/महोदया,
उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि यू.जी. **(CBCS) Semester-I,** सत्र **2026–30** हेतु तृतीय मेधा सूची दिनांक **07.07.2026** को प्रकाशित की जा चुकी है तथा चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन दिनांक **08.07.2026** से प्रारंभ किया जा चुका है एवं नामांकन की अंतिम तिथि, दिनांक 12.07.2026 तक की जाती है।

सभी प्रधानाचार्य नामांकन प्रक्रिया में तेजी लाते हुए , प्रत्येक नामांकित छात्र का विवरण समर्थ पोर्टल पर प्रत्येक कार्यदिवस में समयबद्ध रूप से **"Admission Granted"** अंकित करना सुनिश्चित करेंगे। किसी छात्र का **Admission Granted** नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रधानाचार्य उत्तरदायी होंगे।

**नामांकन कार्य रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में भी संचालित करना सुनिश्चित किया जाय।**

इसी क्रम में तृतीय मेधा सूची के आधार पर नामांकन के पश्चात्, चतुर्थ मेधा सूची लोक भवन, पटना के ज्ञापांक BSU-16/2026/94-ACS(GS)दिनांक 27.06.2026 के आलोक में छात्रो की अधिकतम भागीदारी हेतु :

i. वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में पंजीकृत है वे अपने बिषय तथा महाविद्यालय का चयन रिक्ति के आधारपर विकल्पों में पुनःबदलाव कर सकते है।
ii. वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन नही कर पाये हों, वे नया आवेदन कर सकते है।
iii. उपरोक्त दोनों वर्गों के आवेदकों को अनारक्षित मानते हुए मेधा सूची प्रकाशित की जायेगी
iv. इस कार्य हेतु पोर्टल को कुल चार दिनों तक दिनांक 13.07.2026 से दिनांक 16.07.2026 तक के लिए खोला जायेगा। मेधा सूची का प्रकाशन की तिथि सूचना जल्द ही दी जाएगी।

अतः निर्धारित अवधि में नामांकन कार्य को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

08.07.26
अध्यक्ष, छात्र कल्याण

ज्ञापांक : DSW/180-182/2026 ....08/06/2026.
प्रतिलिपि प्रेषित :

1. निदेशक, यू.डी.सी.ए., तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
2. जनसंपर्क पदाधिकारी, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
3. कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।

08.07.26
अध्यक्ष, छात्र कल्याण

08/07/2026